झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

## राष्ट्र निर्माण सेना

**27 May 2023**

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK

JSSC | DEFENCE - ARMY

CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 27 मई का इतिहास

- **2010 :** भारत ने उड़ीसा के चांदीपुर में बालसोरा जिले में परमाणु तकनीक से लैस धनुष ओर पृथ्वी 2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया।
- **1935 :** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का निधन हुआ
- **2008 :** केंद्र सरकार ने सीमेंट निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लिया।
- **2006 :** इंडोनेशिया में आये विनाशकारी भूकंप में कम से कम 2900 लोग मारे गये ओर हजारों लोग घायल हुए।

## 27 मई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- सरकार ने आरबीआई के साथ मिलकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया हैं। इस संशोधन में लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत 2,50,000 डॉलर की सीमा के भीतर क्रेडिट कार्ड लेनदेन को शामिल करना है। इस सीमा से अधिक किसी भी विदेशी प्रेषण या खरीद के लिए आरबीआई से पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होगी। इससे पहले क्रेडिट कार्ड खर्च को एलआरएस सीमा के हिस्से के रूप में नही माना जाता था।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक वैश्विक नेटवर्क लॉन्च किया। यह नेटवर्क कोविड-19 जैसे संक्रामक रोगो के खतरे का तेजी से पता लगाने और उनके प्रसार को रोकने के लिए जानकारी साझा करने में मदद करेगा। इसका नाम इंटरनेशनल पैथोजेन सर्विलांस नेटवर्क दिया गया हैं। यह देशों और क्षेत्रो को जोड़ने, नमूनों को इकठ्ठा करने और उनका विश्लेषण करने, सिस्टम में सुधार के लिए एक साझा मंच प्रदान करेगा। नेटवर्क का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने में मदद करना है कि संक्रामक रोग के खतरों को कैसे तेजी से पहचाना और ट्रैक किया जाए और सूचनाओं को साझा किया जाएगा।
- भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी निकट भविष्य में आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के साथ सार्वजनिक होने के लिए तैयार है। इस महत्वपूर्ण आयोजन की देखरेख के लिए सरकार ने आईडीबीआई केपिटल, बीओबी कैपिटल और एसबीआई कैपिटल को आईपीओ के लिए प्रमुख प्रबंधकों के रूप में नियुक्त किया है। आईपीओ में सरकार द्वारा 10% हिस्सेदारी की बिक्री ओर आईआरईडीए द्वारा 15% नई इक्विटी जारी करने की उम्मीद है, जिसका उद्देश्य अक्षय ऊर्जा परियोजना फाइनेंसर के विकास को वित पोषित करना है।
- सरकारी बैंको का मुनाफा वित वर्ष 2022-2023 में एक लाख करोड़ के आंकड़े को पार कर गया हैं। इसमें से आधे से अधिक योगदान देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से आया हैं। बैंक की ओर से जारी किए गए नतीजों का विश्वलेषण करने पर पता चला कि वित वर्ष 2017-2018 में सरकारी बैंक द्वारा 85,390 करोड़ रूपये का नुकसान दर्ज किया गया है, जबकि वित वर्ष 2022-2023 में ये आंकड़ा 1,04,649 करोड़ रूपये पर पहुंच गया है।
- संघीय संसद की संयुक्त बैठक के दौरान राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने घोषणा की कि बिक्रम संवत कैलेंडर में 2080 के दशक को विजिट नेपाल दशक के रूप में मान्यता दी जाएगी और वर्ष 2025 को पर्यटन के लिए एक विशेष वर्ष के रूप में नामित किया जाएगा। इन घोषणाओं को वितीय वर्ष 2080/81 के लिए नीतियों और कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में प्रस्तुत किया गया था।
- केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली राज्य क्षेत्र संशोधन अध्यादेश जारी किया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली राज्य-क्षेत्र अध्यादेश 2023 को राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण के गठन के लिए केंद्र द्वारा प्रख्यापित किया गया हैं। अब यही प्राधिकरण दिल्ली क्षेत्र में कार्यरत ग्रुप ए एवं दानिक्स अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापन के संबंध में अनुशंसा करेगा। दिल्ली के मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के अध्यक्ष होंगे। दिल्ली के मुख्य सचिव और प्रधान गृह सचिव इस समिति के सदस्य होंगे।
- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने देहरादून में भारतीय वानिकी अनुसंधान ओर शिक्षा परिषद में सतत भूमि प्रबंधन के लिए उत्कृष्टता केंद्र का उद्घाटन किया। सीओई एसएलएम का मुख्य उद्देश्य दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देना और स्थायी भूमि प्रबंधन तरीकों के माध यम से भूमि क्षरण के मुद्दों का समाधान करना हैं। यह सतत विकास के लिए भूमि क्षरण को नियंत्रित करने और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेगा। यह तकनीकी सहयोग, क्षमता निर्माण ओर ज्ञान के आदान-प्रदान के माध्यम से बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने की सुविधा प्रदान करेगा।
- सतत विमानन ईंधन के साथ भारत की पहली वाणिज्यिक यात्री उड़ान ने पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरी। सतत विमानन ईंधन की आपूर्ति इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा एक निजी फर्म के सहयोग से की गई। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने नई दिल्ली हवाई अड्डे पर विशेष उड़ान की अगवानी की। उन्होंने कहा कि यह 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में भारत के प्रयास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। उन्होंने कहा कि भारत 2025 तक 1% सतत विमानन ईंधन के उपयोग को अनिवार्य बनाने का लक्ष्य बना रहा है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. क्वाड शिखर सम्मेलन 2024 की मेजबानी कौनसा देश करेगा ?**

(A) जापान (B) अमेरिका

(C) भारत (D) ऑस्ट्रेलिया

**(C)** भारत वर्ष 2024 में क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने G7 शिखर सम्मेलन और क्वाड शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान यह घोषणा की हैं। यह भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया ओर जापान का एक समूह हैं। इसका उद्देश्य मुक्त, स्पष्ट और समृद्ध इंडो पैसिफिक क्षेत्र समुचित करना तथा उसका समर्थन करना है।



**2. नेपाल में किस वर्ष में विशेष पर्यटन वर्ष के रूप में मनाया जाएगा ?**

(A) 2024 (B) 2025

(C) 2027 (D) 2030

**(B)** बिक्रम संवत के 2080 के दशक को विजिट नेपाल दशक ओर वर्ष 2025 को पर्यटन के लिए विशेष वर्ष के रूप में चिन्हित किया जाएगा। पर्यटन क्षेत्र, जिसने कोविड संकट से भारी नुकसान देखा है, धीरे-धीरे ठीक हो रहा हैं। इसके अलावा राष्ट्रपति ने घोषणा की कि पर्यटन संबंधी कानूनों में समय पर संशोधन किए जाएंगे।



**3. क्रेडिट, डेबिट कार्ड से विदेशो में कितने लाख रूपये तक खर्च पर टीसीएस नही कटेगा ?**

(A) 7 लाख (B) 9 लाख

(C) 10 लाख (D) 15 लाख

**(A)** केंद्र सरकार ने कहा कि डेबिट या क्रेडिट कार्ड के जरिये विदेशों में एक वित वर्ष में सात लाख रूपये तक के खर्च पर स्त्रोत पर कर संग्रह नही कटेगा। विभिन्न तबकों की आलोचनाओं के बीच वित मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस कदम का उद्देश्य रिजर्व बैंक की उदारीकृत धनप्रेषण योजना और टीसीएस के संबंध में प्रक्रिया संबंधी अस्पष्टता को दूर करना है।




**4. हाल ही में उच्च रक्तचा-मधुमेह मरीजों के लिए किस पहल की घोषणा की गई है?**

(A) 75/25 (B) 80/20

(C) 85/35 (D) 80/130

**(A)** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित लोगों के लिए 75/25 पहल की घोषणा की। इसके तहत देशभर के ऐसे सभी 7.5 करोड़ मरीजों की वर्ष 2025 तक स्वास्थ्य जांच का उद्देश्य रखा गया हैं। इसकी घोषणा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आयोजित जी 20 सह-ब्रांडेड कार्यक्रम उच्च रक्तचाप तथा मधुमेह की रोकथाम ओर प्रबंधन में तेजी लाना में की।




**5. कितने एम्स में सभी सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए केशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी ?**

(A) 3 (B) 5

(C) 6 (D) 8

**(C)** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना के सभी सेवारत और पेंशनभोगी लाभार्थियों को अब भोपाल, भुवनेश्वर, पटना, जोधपुर, रायपुर और ऋषिकेश स्थित 6 एम्स में कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध होगी। सीजीएचएस लाभार्थियों को पहले भुगतान करने और फिर सीजीएचएस से प्रतिपूर्ति मांगने की परेशानी के बिना इन एम्स में उपलब्ध अत्याधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ मिलेगा।



**6. हाल ही में किस राज्य के धार जिले में पीएम मित्रा पार्क स्थापित करने के प्रस्ताव को औपचारिक स्वीकृति मिल गई ?**

(A) उत्तर प्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) कर्नाटक (D) केरल

**(B)** मध्यप्रदेश के धार जिले के भेंसोला गांव में पीएम मित्रा पार्क की स्थापना की जाएगी। इस संबंध में कपड़ा मंत्रालय और मध्य प्रदेश सरकार ने धार में एमओयू हस्ताक्षर किया था। पीएम मित्रा पार्क 1563 एकड़ भूमि में फैला होगा। पूरी जमनी एमपीआईडीसी के कब्जे में हैं। इसमें सामान्य सुविधाए जैसी की सड़क, बिजली के साथ-साथ अन्य सहायक सुविधाएं जैसे इन्क्यूबेशन सेंटर, वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स आदि भी होगी।



**7. हाल ही में 37वें राष्ट्रीय खेलो में किस पारंपरिक खेल को शामिल किया जाएगा ?**

(A) रौभा (B) लाहो
(C) गतका (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** गतका का पारंपरिक खेल एक राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहुंच प्राप्त करने वाला है क्योंकि इस आधिकारिक रूप से 37वें राष्ट्रीय खेल 2023 में शामिल किया गया है, जो इस वर्ष अक्टूबर में गोवा में होने वाले हैं। भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन सरकार के सहयोग से इस राष्ट्रीय खेल के दौरान कुल 43 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।




**8. हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने किस राज्य में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग कैंपस की आधारशिला रखी ?**

(A) गुजरात (B) नई दिल्ली
(C) तेलंगाना (D) मध्यप्रदेश

**(A)** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हाल ही में गुजरात के द्वारका में नेशनल एकेडमी ऑफ कोस्टल पुलिसिंग के स्थायी परिसर की आधारशिला रखी। शाह ने अपने संबोधन में तटीय सुरक्षा के लिए भाजपा सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सर्वोच्च प्राथमिकता हैं।



**9. हाल ही में खबरो में रहा आईएनएस वागशीर किससे संबंधित है ?**

(A) फ्रिगेट (B) विमान वाहक जहाज
(C) डिस्ट्रॉयर (D) स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी

**(D)** हाल ही में प्रोजेक्ट 75 की छठी स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वागशीर ने अपना समुद्री परीक्षण शुरू किया। प्रोजेक्ट 75 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों डीजल-इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम से चलती हैं। आईएनएस का नाम सैंड फिश के नाम पर रखा गया है, जो हिंद महासागर में गहरे समुद्र की एक शिकारी मछली हैं।



**10. ऑपरेशन करूणा किससे संबंधित है ?**

(A) जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान
(B) म्यांमार में भारतीय राहत अभियान
(C) भारत का कोविड-19 टीकाकरण अभियान
(D) पूर्वोत्तर भारत में उग्रवाद के खिलाफ सैन्य अभियान

**(B)** हाल ही में भारत ने चक्रवात मोका से तबाह हुए म्यांमार की सहायता के लिये ऑपरेशन करूणा शुरू किया। इस राहत ऑपरेशन के तहत आईएनएस शिवालिक, आईएनएस कमोर्ता, आईएनएस घड़ियाल और आईएनएस सावित्री राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंचे।

